G.K. LAST 6 MONTHS

# make MY exam

सितंबर-2018

₹ 60 Only

बैंकिंग, एस.एस.सी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक संपूर्ण पत्रिका

# 10वां ब्रिक्स सम्मेलन

## समावेशी विकास के लिये सहयोग और साझा समृद्धि




IBT™

IBT INSTITUTE PVT. LTD

## हल प्रश्न पत्र

- आई.बी.पी.एस. आर.आर.बी. असिस्टेंट ( प्रारंभिक परीक्षा )
- एस.एस.सी. सी.जी.एल. ( टियर-1 ) परीक्षा

## विषय सूची


| | |
|---|---|
| ब्रिक्स सम्मेलन 2018 | 3 |
| राष्ट्रीय न्यूज़ | 6 |
| अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ | 13 |
| 500+ जी. के. एक रेखीय प्रश्न | 19 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 42 |
| नियुक्तियां | 45 |
| खेल | 49 |
| पुस्तकें और लेखक | 54 |
| बैंकिंग और अर्थव्यवस्था | 55 |
| रक्षा/विज्ञान और प्रौद्योगिकी | 58 |
| श्रद्धांजली | 61 |
| स्ट्डी नोट्स | 62 |
| महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 70 |
| आई.बी.पी.एस. आर.आर.बी. असिस्टेंट परीक्षा | 78 |
| एस.एस.सी. सी.जी.एल. (टियर-1) परीक्षा | 88 |


## महत्त्वपूर्ण दरें

(08-08-2018)

| | |
|---|---|
| रेपो दर | 6.25% |
| रिवर्स रेपो दर | 6.00% |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 6.50% |
| वैधानिक तरलता अनुपात | 19.50% |
| नकद आरक्षित अनुपात | 4% |
| बैंक दर | 6.50% |


New Batches Starting for

IBPS PO (PRE) : 9th & 20th Aug, 2018

SSC-CGL T-1 : 10th Aug, 2018

SSC GD : 27th Aug, 2018

IBPS Clerk (PRE) : 30th Aug, 2018

For Admission Contact : IBT Nearest Center or Call Toll Free

TOLL FREE 1800-102-0546


## महत्त्वपूर्ण दिवस

| | |
|---|---|
| **अगस्त** | |
| **01 अगस्त** | विश्व स्तनपान दिवस |
| **07 अगस्त** | राष्ट्रीय हथकरघा दिवस |
| **10 अगस्त** | विश्व जैव ईंधन दिवस |
| **12 अगस्त** | अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस |
| **19 अगस्त** | विश्व मानवतावादी दिवस |
| **23 अगस्त** | दास व्यापार और उसके उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस |
| **29 अगस्त** | राष्ट्रीय खेल दिवस |
| **सितंबर** | |
| **05 सितंबर** | शिक्षक दिवस |
| **08 सितंबर** | अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस |
| **14 सितंबर** | हिंदी दिवस |
| **15 सितंबर** | अभियंता दिवस |
| **16 सितंबर** | ओजोन परत रक्षण दिवस |
| **20 सितंबर** | आर.पी.एफ. स्थापना दिवस |
| **21 सितंबर** | विश्व शांति दिवस |
| **27 सितंबर** | विश्व पर्यटन दिवस |


Get your Copy of Make My Exam Monthly Magazine at Doorstep

Subscription Plans

For 6 Months: ₹ 400/-

For 1 Year : ₹ 700/-

For 2 Years : ₹ 1300/-

Call the number below to order now

84270-29060

Use given link to order online

www.ibtindia.com/course-materials

# Success Story

## परिचय



**नाम :** शैफाली

**शिक्षा :** परास्नातक

**अंतिम चयन :** बैंक ऑफ महाराष्ट्र

**परीक्षा का नाम :** ओ.बी.सी - क्लर्क - 2017-2018

**आई.बी.टी:** सर्वप्रथम आपको ओ.बी.सी. में क्लर्क के पद पर चयनित होने के लिए हार्दिक बधाई हो।

**शैफाली :** धन्यवाद जी.!

**आई.बी. टी :** आपने बैंकिंग को ही कैरियर के रुप में क्यो चुना ?

**शैफाली :** सर, जैसा की हम जानते हैं कि आज के समय में एक सरकारी प्रतिष्ठित नौकरी पाना कितना कठिन है और नि:संदेह बैंकिंग के क्षेत्र में कार्य करने से समाज में सम्मान के साथ-2 उत्तम वेतन भी प्राप्त होता है।

**आई.बी.टी :** सबसे पहले आप अपनी सफलता का श्रेय किसे दना चाहती हो ?

**शैफाली :** सर्वप्रथम मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े भाई को देना चाहूंगी जो एस. बी. आई बैंक में अधिकारी है। उन्होंने मुझे बैंकिंग के क्षेत्र में नौकरी करने के साथ-2 किस तरह सफलता मिले उसके लिये बहुत प्रेरणा दी बिना उनके प्रोत्साहन और समर्थन के ये सम्भव नहीं था और आई.बी.टी संस्था के प्रशिक्षकों के लगातार मार्गदर्शन का ही फल है।

**आई.बी.टी:** आपने बैंकिंग परीक्षा की तैयारी कब शुरू की?

**शैफाली :** सबसे पहले मैने स्नातक के दौरान ऑनलाइन तैयारी शुरु की थी, मैंने यू-ट्यूब पर मेक-माई-एग्ज़ाम के वीडियो देखे जो मुझे विषय की गहराई में जाकर समझने में सहायता मिली, स्नातक के बाद मैने आई.बी.टी. संस्था में बैंकिंग और एस.एस.सी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये दाखिला लिया। आई.बी.टी. ने लगातार मेरी तैयारी में मार्गदर्शन का काम किया जो सफलता के लिये बहुत ही ज़रूरी था।

**आई.बी.टी :** आपने आई.बी.पी.एस. क्लर्क की परीक्षा की तैयारी की क्या योजना बनाई और कितने महीने पहले तैयारी शुरू की?

**शैफाली :** मैंने आई.बी.पी.एस. क्लर्क परीक्षा की तैयारी में ईमानदारी से 6 महीने दिये, इस दौरान मैंने आई.बी.पी.एस. आर.आर.बी. और पी.ओ. की परीक्षा भी दिये। अधिकतर मैंने तैयारी ऑनलाइन की, मेक-माई-एग्ज़ाम ब्लॉग से तैयारी में बहुत सहायता मिली।

**आई.बी.टी :** क्लर्क परीक्षा पेपर के कठिनाई स्तर पर टिप्पणी करें। आपने इसे कैसे निपटा?

**शैफाली :** इस बार रीज़निंग और कंप्यूटर सेक्शन बहुत आसान थे। क्वांट, सामान्य जागरूकता और अंग्रेजी वर्ग काफी मुश्किल थे। विशेष रूप से अंग्रेजी पीओ स्तर का था, हर बार जब वे आईबीपीएस पीओ की तरह कठिनाई को बढ़ाते हैं, तो पेपर हल करना बहुत कठिन हो जाता है। इसलिए परीक्षा में किसी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारी तैयारी का स्तर बहुत अधिक होना चाहिए।

**आई.बी.टी :** आपने परीक्षा के लिए सामान्य अध्ययन की तैयारी किस प्रकार की।

**शैफाली :** सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए मैंने मासिक पत्रिका **'Make My Exam'** की सहायता ली जो कि आई.बी.टी. द्वारा प्रकाशित की जाती है। इसके अलावा मैंने आई.बी.टी. की मोबाइल एप्प पर प्रतिदिन प्रश्नोत्तरी से अपनी तैयारी की।

**आई.बी.टी :** आपके अनुसार, आपकी कोचिंग संस्था आई.बी.टी की सबसे अच्छी बात क्या है?

**शैफाली :** मेरी कोचिंग संस्था के बारे में सबसे अच्छी बात वहाँ के प्रशिक्षक जो अपने काम को लेकर बहुत ही समर्पित तथा छात्रों की हर समस्या को हल करने के लिये उत्सुक रहते हैं और हर समय छात्रों को ईमानदार प्रयास के लिये प्रेरणा देते रहते हैं। इसके अलावा आई.बी.टी. संस्था में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मॉक टेस्ट पेपर उपलब्ध रहते हैं जो किसी भी पृष्ठभूमि के छात्रों को अच्छी तरह से अभ्यास करने के लिये पर्याप्त हैं। ऑनलाइन मॉक टेस्ट के लिये हाई स्पीड इंटरनेट कम्प्यूटर लैब उपलब्ध है। जिसका मेरी सफलता में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**आई.बी.टी :** आपने इस परीक्षा के लिये क्या रणनीति बनाई ?

**शैफाली :** मैं गणित और तार्किक योग्यता में अच्छी हूँ परन्तु अंग्रेजी मेरे लिये आसान नहीं थी, इसीलिये मैंने अंग्रेजी में अधिकतम समय लेख पढ़ने और मॉक पेपर हल करने में दिया; मैंने आई.बी.टी. ब्लॉग को नियमित रुप से पढ़ा।

**आई.बी.टी :** आप अन्य अभ्यर्थियों के लिए कुछ संदेश देना चाहोगी?

**शैफाली :** मैं सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों का ध्यान केंद्रित कर परिश्रम करने की सलाह दूंगी। कठोर परिश्रम सफलता की कुंजी है। आशा मत खोए और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, आप निश्चित रूप से सफल होंगे।

**आई.बी.टी:** एक बार फिर से आपको सफलता के लिए बधाई व आगामी भविष्य की लिए बहुत शुभकामनाएं।

**शैफाली :** बहुत बहुत धन्यवाद जी......!!

### अनमोल वचन

*''हमेशा ध्यान में रखिये की आपका सफल होने का संकल्प किसी भी और संकल्प से महत्त्वपूर्ण है।''*

# क्या है ब्रिक्स

ब्रिक्स पांच देशों का एक समूह है और इसका गठन साल 2009 में किया गया था। इस समूह को ब्राजील, रूस, भारत और चीन देशों द्वारा मिलकर बनाया था। वहीं इस समूह द्वारा अभी तक कुल 10 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा चुका है। दरअसल ब्रिक्स राष्ट्र द्वारा हर साल औपचारिक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाता है और इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स राष्ट्र के राज्य और सरकार के प्रमुख द्वारा हिस्सा लिया जाता हैं।

# ब्रिक्स का इतिहास



- ब्रिक्स में शामिल सभी देशों की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत है और साल 2001 में इसी चीज का जिक्र जिम ओ'नील ने अपने 'द वर्ल्ड नीड्स बेटर इकोनॉमिक ब्रिक' नामक एक प्रकाशन में किया था।
- जिम ओ'नील, गोल्डमैन सैच्य समूह जो कि अमेरिका का एक बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी है, उसमें उस समय बतौर अध्यक्ष के रूप में कार्य करते थे. उसी दौरान उन्होंने भारत, ब्राजील, रूस और चीन की अर्थव्यवस्था पर अनुसंधान किया था और इन देशों के अर्थशास्त्र विश्लेषण करने के बाद उन्होंने अपने अनुसंधान को प्रकाशित किया था।
- अपने प्रकाशन में जिम ओ'नील ने लिखा था कि चार ब्रिक देश (भारत, ब्राजील, रूस और चीन) तेजी से विकास कर रहे हैं और आने वाले 50 सालों तक इन देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्थाएं, इस वक्त दुनिया के सबसे अमीर देशों की अर्थव्यवस्थाओं से बड़ी होने वाली है। क्योंकि इन देशों का बाजार काफी बड़ा है और तेजी से बढ़ भी रहा है।
- इस प्रकाशन में जिम ओ'नील ने इन चारों देशों के नाम के लिए ब्रिक शब्द का इस्तेमाल किया गया था और ये शब्द इन देशों के नाम के प्रथम शब्द से लेकर बनाया गया था।

IBT Institute Pvt. Ltd

## ब्रिक्स का पूरा नाम

जिस वक्त ब्रिक्स का गठन हुआ था, उस वक्त इसमें केवल चार देश ही शामिल थे, जिसके कारण से इसे ब्रिक (BRIC) कहा जाता था और इसका पूर्ण प्रपत्र यानी फुल फॉर्म, ब्राजील, रूस, चीन और भारत था। जब दक्षिण अफ्रीका देश भी इस समूह से जुड़ा तो इसका नाम ब्रिक्स (BRICS) रख दिया गया।

## ब्रिक्स को बनाने का उद्देश्य

- विश्व में अमेरिका डॉलर एक प्रमुख मुद्रा है और ब्रिक्स देशों का लक्ष्य है कि वो इस मुद्रा की जगह अन्य मुद्राओं का उपयोग कर उन मुद्राओं को भी विश्व स्तर पर मजबूत कर सकें। ब्रिक्स को बनाने का जो दूसरा सबसे बड़ा मकसद है, वो विकासशील देशों के लिए एक विशेष व्यापार ब्लॉक बनाना है. क्योंकि व्यापार के क्षेत्र में विकासशील देशों पर विकसित देश का काफी दबदबा है और इसी दबदबे को खत्म करने के लिए ब्रिक्स देशों द्वारा व्यापार ब्लॉक बनाने का लक्ष्य बनाया गया है। इसके अलावा ब्रिक्स समूह विकसित और विकासशील देशों के बीच एक पुल के रूप में भी कार्य करता है और साथ में ही विकासशील देशों को विकसित करने में उनकी मदद भी कर रहा है।

## कब हुई ब्रिक्स की शुरुआत

- वर्ष 2006 में न्यूयॉर्क में ब्रिक राष्ट्र के विदेश मंत्रियों का एक अधिवेशन हुआ था और इसी अधिवेशन के दौरान भारत, ब्राजील, रूस और चीन देश ने मिलकर ब्रिक की स्थापना करने पर चर्चा की थी। जिसके तीन साल बाद यानी साल 2009 में इन देशों ने रूस में अपना प्रथम सम्मेलन किया था।

## कब शामिल हुआ दक्षिण अफ्रीका देश

- इस ग्रुप के साथ वर्ष 2010 में दक्षिण अफ्रीका राष्ट्र भी जुड़ गया था। अप्रैल, 2011 में चीन में आयोजित किए गए इस शिखर सम्मेलन में इस देश के राष्ट्रपति ने भी भाग लिया था। जब से लेकर अभी दक्षिण अफ्रीका देश में भी कई बार इस शिखर सम्मेलन का आयोजन हो चुका है।

## बिक्स देशों और उनके वर्तमान नेताओं के नाम

| संख्या | बिक्स देशों के नाम | वर्तमान नेताओं के नाम | नेताओं का पद |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्राजील | मिशेल टेमर | राष्ट्रपति |
| 2. | रूस | व्लादिमीर पुतिन | राष्ट्रपति |
| 3. | भारत | नरेंद्र मोदी | प्रधानमंत्री |
| 4. | दक्षिण अफ्रीका | सिरिल रामाफोसा | राष्ट्रपति |
| 5. | चीन | शी जिनपिंग | राष्ट्रपति |

## ब्रिक्स देश के अभी तक के हुए शिखर सम्मेलन और उनके विषय

| संख्या | कौन सा सम्मेलन | दिन और वर्ष | देश | नेता का नाम | नेता का पद | विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम शिखर सम्मेलन | 16 जून, 2009 | रूस | दिमित्री मेदवेदेव | राष्ट्रपति | – |
| 2 | दूसरा शिखर सम्मेलन | 15 अप्रैल, 2010 | ब्राजील | लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा | राष्ट्रपति | – |
| 3 | तीसरा शिखर सम्मेलन | 14 अप्रैल, 2011 | चीन | हू जिंताओ | राष्ट्रपति | ब्रॉड विज़न, शेयर्ड प्रोस्पेरिटी |
| 4 | चौथा शिखर सम्मेलन | 29 मार्च, 2012 | भारत | मनमोहन सिंह | प्रधानमंत्री | वैश्विक स्थिरता,सुरक्षा और समृद्धि के लिए ब्रिक्स भागीदारी |
| 5 | पांचवा शिखर सम्मेलन | 26–27 मार्च 2013 | द. अफ्रीका | जैकब जुमा | राष्ट्रपति | ब्रिक्स और अफ्रीका: विकास,एकीकरण और औद्योगिकीकरण के लिए साझेदारी |
| 6 | छठा शिखर सम्मेलन | 14–17 जुलाई 2014 | ब्राजील | दिलमा रौसेफ | राष्ट्रपति | समावेशी विकास– सतत समाधान |
| 7 | सातवां शिखर सम्मेलन | 8–9 जुलाई 2015 | रूस | व्लादिमीर पुतिन | राष्ट्रपति | ब्रिक्स भागीदारी– वैश्विक विकास का एक शक्तिशाली कारक |
| 8 | आठवां शिखर सम्मेलन | 15–16 अक्टूबर 2016 | भारत | नरेंद्र मोदी | प्रधानमंत्री | उत्तरदायी,समावेशी और सामूहिक समाधान बनाना |
| 9 | नौंवा शिखर सम्मेलन | 3–5 सितंबर 2017 | चीन | शी जिनपिंग | राष्ट्रपति | ब्रिक्स: एक उज्ज्वल भविष्य के लिए मजबूत साझेदारी |
| 10 | दसवां शिखर सम्मेलन | 5–27 जुलाई 2018 | द.अफ्रीका | सिरिल रामाफोसा | राष्ट्रपति | अफ्रीका में ब्रिक्स |

IBT Institute Pvt. Ltd

## 10वें ब्रिक्स सम्मेलन में भारत द्वारा उठाये गये मुद्दे



- भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे आतंकवाद के मुद्दे को उठाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी राष्ट्रों को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि उनकी धरती से कोई भी आतंकी गतिविधि न होने पाए।
- प्रधानमंत्री मोदी ने बहुपक्षवाद, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।
- सहयोगी ब्रिक्स नेताओं के साथ मोदी ने विभिन्न वैश्विक मुद्दों जैसे प्रौद्योगिकी के महत्व, कौशल विकास और प्रभावी बहुपक्षीय सहयोग पर एक बेहतर दुनिया बनाने पर अपने विचार साझा किए।
- इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राज़ील के राष्ट्रपति मिशेल टेमर और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सेरिल रामाफोसा से भी मिले।
- अपने समापन संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं और नीतियों को साझा करने की आवश्यकता है।
- पिछले 3 महीने में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शि जिनपिंग से तीन बार मिल चुके हैं।

## ब्रिक्स घोषणापत्र के मुख्य बिंदु (2018)

- ब्रिक्स देशों द्वारा जारी घोषणापत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए एक समग्र रूख का आह्वान किया गया।
- घोषणापत्र में कट्टरपंथ से निपटना, आतंकवादियों के वित्त पोषण के माध्यमों को अवरूद्ध करना, आतंकी शिविरों को तबाह करना और आतंकी संगठनों द्वारा इंटरनेट के दुरूपयोग को रोकना शामिल है।
- ब्रिक्स देशों - ब्राजील , रूस , भारत , चीन और दक्षिण अफ्रीका - के समूह ने कहा कि आतंकी कृत्यों को अंजाम देने, उनके साजिशकर्ताओं या उनमें मदद देने वालों को निश्चित रूप से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।
- ब्रिक्स ने घोषणापत्र में कहा, हम सभी राष्ट्रों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एक समग्र रूख अपनाने का आह्वान करते हैं जिसमें कट्टरपंथ , विदेशी आतंकी लड़ाकों की भर्ती, आतंकवादियों के वित्तपोषण के स्रोतों एवं माध्यमों को अवरूद्ध करना, आतंकी शिविरों को तबाह करना और उनके द्वारा इंटरनेट के दुरूपयोग से निपटना शामिल हो।
- ब्रिक्स देशों ने कहा कि हम मानते हैं कि मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में संघर्ष लंबे समय से संघर्ष को समाप्त किये जाने के संकल्प में देरी के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

## वर्तमान परिदृश्य में ब्रिक्स का महत्व

- पिछले 10 वर्षों में उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच सहयोग के लिए ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है।
- ब्रिक्स सदस्य देशों में एशिया, अफ्रीका, यूरोप एवं अमेरिका के देश शामिल हैं एवं जी20 के देश शामिल हैं।
- ब्रिक्स देशों के पास दुनिया की जीडीपी का 22.53 फीसदी हिस्सा है. विश्व का 18 प्रतिशत व्यापार यही देश करते हैं.
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के अनुसार पिछले 10 वर्षों ने इन देशों ने वैश्विक आर्थिक विकास में 50 प्रतिशत भागीदारी निभाई है।

# राष्ट्रीय न्यूज़

जुलाई-2018

## सुरेश प्रभु ने 'रीयुनाईट' मोबाइल एप्प लॉन्च किया



केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने एक मोबाइल एप लांच किया। इस एप का नाम 'रीयूनाईट' (ReUnite) है। यह एप भारत में खोए हुए बच्चों का पता लगाने में सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में सुरेश प्रभु ने इस एप को विकसित करने के लिए स्वयंसेवी संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' और 'कैपजेमिनी' की सराहना की। यह एप खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलाने के प्रयास तथा तकनीक से सही उपयोग को दर्शाता है। यह एप जीवन से जुड़ी सामाजिक चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा।

IBT Institute Pvt. Ltd

## केंद्र सरकार ने 'गृह मंत्री का विशेष अभियान पदक' स्थापित करने को मंजूरी दी

केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में 'गृह मंत्री का विशेष अभियान पदक' स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा तीन अन्य पदक- आंतरिक सुरक्षा पदक, असाधारण आसूचन पदक तथा उत्कृष्ट एवं अति-उत्कृष्ट सेवा पदक भी प्रदान करने की स्वीकृति दी है।

## आयकर विभाग ने तुरंत पैन कार्ड सेवा आरंभ की

आयकर विभाग ने 02 जुलाई 2018 को डिजिटल सुविधा के अंतर्गत ई-पैन सुविधा आरंभ की है जिससे आप तुरंत पैन नंबर प्राप्त कर सकते हैं। आयकर विभाग ने अपनी ई-फाइलिंग वेबसाइट पर कहा है कि यह सुविधा निःशुल्क है और वैध आधार धारकों के लिए है। साथ ही यह पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है। ई-पैन बनाने के लिए कोई प्रमाण पत्र जमा नहीं करना होगा। आधार में मौजूद सूचनाओं का इस्तेमाल करके ही ई-पैन जेनरेट हो जाएगा।

## देश का पहला खादी मॉल स्थापित करेगा झारखंड

झारखंड के मुख्यमंत्री रघुबर दास ने घोषणा की कि देश का पहला 'खादी मॉल' झारखंड में खोला जायेगा। देश के पहले खादी मॉल को विकसित करने के लिए हैवी इंजीनियरिंग निगम (HEC) परिसर की भूमि खादी बोर्ड के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। कारीगरों को उनके उत्पादों में मूल्यवर्धन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि ग्रामीण, शहरी और पर्यटन 'हाट' उन्हें अपने सामान के लिए बाजार प्रदान करेंगे।

## भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप 'सीविजिल' लांच किया

भारत निर्वाचन आयोग ने 03 जुलाई 2018 को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने में नागरिकों को सक्षम बनाने हेतु 'सीविजिल'ऐप लांच किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ पी रावत, चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा और अशोक लवासा ने एक कार्यक्रम के दौरान इस ऐप को लांच किया।

## एनपीए की समस्या से निपटने हेतु 'सशक्त' योजना की घोषणा

देश के सरकारी बैंकों के एनपीए अर्थात् नॉन परफॉरमिंग एसेट्स की समस्या को दूर करने के लिए एक समग्र नीति लागू किये जाने की घोषणा की गई है। यह समग्र नीति 'प्रोजेक्ट सशक्त'के नाम से लागू होगी जिसे सुनील मेहता की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर तैयार किया गया है। 'सशक्त' योजना के तहत पांच सूत्री फॉर्मूला लागू किया जाएगा। वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में करोड़ रुपये से ज्यादा राशि के 200 बैंक खाते हैं। इनमें तकरीबन तीन लाख करोड़ रुपये के कर्ज फंसे हैं।

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शुरू हुआ 'खुशी पाठ्यक्रम'



दिल्ली सरकार ने 02 जुलाई 2018 को स्कूली बच्चों के लिए खुशी पाठ्यक्रम लॉन्च किया। इसके तहत नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक की हर क्लास पांच मिनट के 'ध्यान'के साथ शुरू होगी। इस पाठ्यक्रम में स्कूल के छात्रों के लिए ध्यान, नैतिक मूल्य और मानसिक अभ्यास शामिल हैं। इसे दलाई लामा की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लॉन्च किया गया है।

## कोयला मंत्रालय ने कोयला चोरी रोकने हेतु सेटेलाइट आधारित मोबाइल ऐप (खान प्रहरी) लांच किया




केंद्रीय कोयला मंत्री पियूष गोयल ने 04 जुलाई 2018 को कोयला चोरी रोकने के लिए सेटेलाइट आधारित मोबाइल ऐप (खान प्रहरी) लांच किया है। इससे देश के 787 कोल ब्लॉकों पर नजर रखी जायेगी। इसकी लगातार मॉनिटरिंग कोयला कंपनियां और जिला प्रशासन करेंगे। इससे कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता और नैतिकता का नया आयाम जुड़ेगा। वर्तमान में सीसीएल द्वारा 24 घंटे निगरानी के लिए विशेष सेल स्थापित किया गया है।

## महाराष्ट्र सरकार ने 'कन्या वन समृद्धि योजना' की घोषणा की

महाराष्ट्र सरकार ने 'कन्या वन समृद्धि योजना' नामक एक नई योजना की घोषणा की है, जिसमें कन्या जन्में किसान परिवार को वृक्षारोपण के लिए पौधे दिए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इस योजना को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है।

## केंद्र सरकार ने खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाने की मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 04 जुलाई 2018 को 2018-19 के लिए खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। खरीफ फसलों पर एमएसपी बढ़ाने का फैसला सरकार की बजट की घोषणा के अनुरूप है। केंद्र सरकार ने बजट में किसानों को उनकी फसलों का भाव उत्पादन लागत का डेढ़ गुना करने की घोषणा की थी।

## बेंगलुरु को मिला भारत का पहला ई-वेस्ट प्लांट

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री अनंत कुमार ने घोषणा की कि देश की पहली ई-अपशिष्ट रीसाइक्लिंग इकाई बेंगलुरू, कर्नाटक में होगी। स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय द्वारा स्थापित इकाई, चार महीने में तैयार होने की संभावना है। एसोचैम और केपीएमजी द्वारा 2016 के एक अध्ययन ने ई-कचरा उत्पन्न करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत को सालाना अनुमानित 1.85 मिलियन टन के साथ स्थान दिया। अध्ययन के मुताबिक, कुल ई-कचरे में कंप्यूटर का 70% और दूरसंचार उपकरण का 12त्न हिस्सा जिम्मेदार था। मुंबई और दिल्ली के बाद बेंगलुरू तीसरे स्थान पर रहा जिनके द्वारा सालाना 92,000 टन ई-कचरा उत्पन्न किया जाता है।

## केवीआईसी ने लांच किया ई-मार्केटिंग सिस्टम

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने नई दिल्ली में खादी इंस्टीट्यूशन मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम (KIMIS) नामक स्वविकसित, ई-मार्केटिंग सिस्टम लॉन्च किया है। खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री और खरीद के लिए देश में कहीं से भी सिस्टम का उपयोग किया जा सकता है। यह सॉफ्टवेयर बिक्री का वास्तविक समय का डाटा देगा और केवीआईसी की सूची की बेहतर योजना और नियंत्रण की इजाजत देकर खादी भवनों और गोदामों के शेयरों की अद्यतन स्थिति भी देगा।

## पंजाब में सरकारी कर्मचारियों का डोप टेस्ट अनिवार्य किया गया

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने 04 जुलाई 2018 को पुलिसकर्मियों सहित सभी सरकारी कर्मचारियों का उनकी भर्ती के समय से उनकी सेवा के हर स्तर पर अनिवार्य डोप टेस्ट कराने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस बाबत तौर-तरीकों पर काम करने और इस संबंध में जरूरी अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने 15 जुलाई से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया

उत्तर प्रदेश (यूपी) की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में 15 जुलाई से प्लास्टिक बैन का आदेश जारी कर दिया है। सरकार फिलहाल 50 माईक्रॉन से पतली प्लास्टिक पर रोक लगाने जा रही है। योगी सरकार ने यह फैसला पर्यावरण को बचाने और प्रदेश में अंधाधुंध हो रहे प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए लिया है। राज्य में 15 जुलाई के बाद प्लास्टिक के कप, ग्लास और पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक लगा दिया गया हैं।

## उत्तराखंड में पशु 'कानूनी व्यक्ति' के रूप में घोषित हुए

पहली बार, उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में जानवरों को 'कानूनी व्यक्ति या इकाई' की स्थिति दी है। एचसी ने कहा कि 'उनके पास एक जीवित व्यक्ति के संबंधित अधिकार, कर्तव्यों और देनदारियों के साथ एक विशिष्ट व्यक्तित्व है। जानवरों के खिलाफ क्रूरता को रोकने के लिए दिशा-निर्देशों की एक श्रृंखला जारी करते हुए न्यायमूर्ति राजीव शर्मा और न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह के न्यायाधीशों के एक खंडपीठ द्वारा राज्य के जानवरों पर अद्वितीय स्थिति प्रदान की गई।

## संबलपुर रेलवे डिविजन ने सभी मानवरहित क्रॉसिंग फाटक समाप्त किया

भारतीय रेलवे के पूर्व तटीय रेलवे (ईसीआर) ने 05 जुलाई 2018 को संबलपुर डिविजन में साढ़े चार घंटों की अल्प अवधि समय में छह सबवे बनाकर इतिहास रच दिया हैं। 6 सीमित ऊंचाई वाले सब-वे का निर्माण न सिर्फ पूर्व तट रेलवे के संबलपुर डिविजन में बल्कि यह पूरे भारतीय रेल में अपनी तरह का पहला उदाहरण है।

IBT Institute Pvt. Ltd

## केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पांच 'पुलिस पदक' शुरू किए



केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में पांच 'पुलिस पदक' आरंभ किए हैं। पुलिस सेवा में पेशेवर रुख तथा उत्कृष्टता को बढावा देने एवं ऐसे सुरक्षा बलों, जो तनावपूर्ण स्थितियों तथा दुर्गम क्षेत्रों में अच्छा कार्य करते हैं, उनको सम्मानित करने के लिए पांच पुलिस पदक शुरू किए गए हैं। ये पांच गैर-नकदी पुरस्कार, जो राज्य पुलिस बल एवं केंद्रीय पुलिस संगठनों तथा सशस्त्र बलों में वर्तमान पुरस्कार योजनाओं में वृद्धि करेंगे एवं सुदृढ़ बनाएंगे।

## नीति आयोग ने 'नेशनल हेल्थ स्टैक' का प्रस्ताव दिया

नीति आयोग ने एक साझा डिजिटल हेल्थकेयर संरचना, नेशनल हेल्थ स्टैक की रूपरेखा का अनावरण किया है। यह देश के आयुषमान भारत और देश में अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वियन के अनुरूप है। यह नीति निर्माताओं को आगामी परिणामों के आसपास अपने अनुमान बनाने, नई सेवाओं का प्रयोग करने के साथ-साथ स्वास्थ्य देखभाल उद्योग में मौजूदा कमियों को कम करने की अनुमति देगा।

IBT Institute Pvt. Ltd

## केंद्र सरकार ने आयात पर निर्भरता घटाने हेतु टास्क फोर्स का गठन किया

केंद्र सरकार ने आयात पर निर्भरता घटाने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। यह टास्क फोर्स कैबिनेट सचिव पीके सिन्हा की अध्यक्षता में गठित किया गया हैं। यह टास्क फोर्स आयात पर निर्भरता घटाने के लिए संभावित वस्तुओं के अलावा नीतिगत बदलावों के बारे में अपनी राय देगा। टास्क फोर्स ऐसे उत्पादों का आयात घटाने के बारे में सुझाव देगा, जिनका या तो उत्पादन देश में संभव है या जिनके उत्पादन की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं।

## केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी फेलोशिप एवं इंटर्नशिप कार्यक्रम आरंभ किया

केंद्र सरकार ने शहरी योजना और प्रशासन के क्षेत्र में युवाओं के लिए 09 जुलाई 2018 को इंडिया स्मार्ट सिटी फेलोशिप (आईएससीएफ) और इंटर्नशिप (आईएससीआई) कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य स्मार्ट सिटीज को प्रोत्साहित करके 'डिजिटल इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के शहरी निवासियों के जीवन को सरल बनाना है। इंडिया स्मार्ट सिटीज फेलोशिप (आईएससीएफ) कार्यक्रम, इंडिया स्मार्ट सिटीज इंटर्नशिप (आईएससीआई) कार्यक्रम और स्मार्ट सिटीज डिजिटल भुगतान पुरस्कार 2018 तथा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 'सिटीज' चैलेंज शामिल हैं।

## आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने ISCF और ISCI प्रोग्राम का आयोजन किया

श्री हरदीप एस पुरी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने भारत स्मार्ट सिटीज फैलोशिप (ISCF) और इंटर्नशिप (ISCI) कार्यक्रम शुरू किया है जो युवाओं को शहरी नियोजन के पहलुओं और शासन का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। 'स्मार्ट सिटीज डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड्स 2018' भी लॉन्च किया गया था जिसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और डिजिटल शहरों को अभिनव डिजिटल भुगतान पहल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके 'डिजिटल इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के शहरी निवासियों के आवास को आसान बनाने का लक्ष्य था।

## राज्यसभा सदस्य अब किसी भी भारतीय भाषा में बोल सकेंगे

राज्यसभा के सदस्य अब किसी भी भारतीय भाषा में अपनी बात सदन में रख सकेंगे। संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा का प्रयोग किया जा सकता है। राज्यसभा का मॉनसून सत्र 18 जुलाई 2018 को आरंभ हो रहा है जिससे पूर्व यह घोषणा की गई है। राज्यसभा से सभापति एम वैंकेया नायडू ने कहा कि मुझे हमेशा से यह महसूस होता रहा है कि हमारी भावनाओं और विचारों को बगैर किसी अवरोध के जाहिर करने के लिए मातृभाषा प्राकृतिक माध्यम है। उन्होंने कहा कि संसद जैसी बहुभाषी संस्था में सदस्यों को भाषाई बाधाओं के चलते अन्य की तुलना में खुद को अक्षम या तुच्छ नहीं समझना चाहिए।

## गुजरात में यहूदियों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया

गुजरात सरकार द्वारा राज्य में यहूदी समुदाय को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा प्रदान किया गया। राज्य के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने इस आशय का आदेश जारी किया। सरकारी आदेश में कहा गया है कि सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद गुजरात सरकार ने प्रदेश में रहने वाले यहूदी समुदाय को धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा प्रदान करने का फैसला किया है। इस फैसले के बाद यहूदी समुदाय के लोगों को राज्य में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए तैयार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

## एडीबी ने बिहार में सोन नहर परियोजना को मंजूरी दी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बिहार के शाहाबाद भोजपुर क्षेत्र में सोन नहर की पानी का रिसाव रोकने (लाइनिंग) की परियोजना के लिए 503 मिलियन अमरीकी डॉलर का ऋण मंजूर किया है। विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आर.के. सिंह ने दिल्ली में बिहार के शाहाबाद-भोजपुर क्षेत्र के सोन नहर प्रणाली के पक्कीकरण प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के लिए एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों एवं वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

## जून-2018

### राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय अध्यादेश को मंजूरी दी



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 01 जून 2018 को मणिपुर में देश के पहले राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय बनाने के केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2018 को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू कर दिया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 23 मई 2018 को इम्फाल में पहले राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी दी थी।

### केंद्र सरकार ने एफसीआरए के तहत विदेशी योगदान की निगरानी हेतु 'ऑनलाइन विश्लेषण टूल' लॉन्च किया

केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने 01 जून 2018 को विदेशी योगदान (नियमन) अधिनियम, 2010 के तहत विदेशी धन प्रवाह तथा इसके उपयोग की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन विश्लेषण टूल की शुरूआत की।

### केंद्र सरकार ने 'कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण' का गठन किया

केंद्र सरकार ने 01 जून 2018 कावेरी जल बंटवारे विवाद के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुरूप कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण गठित किया है। यह प्राधिकरण तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और पुडुचेरी के बीच नदी जल के बंटवारे पर विवाद का समाधान करेगा। उच्चतम न्यायालय ने 16 फरवरी 2018 को केंद्र सरकार को आदेश के छह सप्ताह के भीतर प्राधिकरण गठित करने का निर्देश दिया था। इस आदेश में कावेरी के जल में कर्नाटक के हिस्से में मामूली वृद्धि की गई थी, जबकि तमिलनाडु के लिए आवंटन कम कर दिया गया था। इसके साथ ही दक्षिण के दोनों राज्यों के बीच जल बंटवारा विवाद का समाधान करने की मांग की गई थी।

### केंद्र सरकार ने 'कृषि कल्याण अभियान' आरंभ किया

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने कृषि कल्याण अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत किसानों को उत्तम तकनीक और आय बढ़ाने के बारे में सहायता और सलाह प्रदान की जाएगी। कृषि कल्याण अभियान का आयोजन नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए 01 जून 2018 से 31 जुलाई 2018 के बीच किया जा रहा है।

### केंद्र सरकार ने 'भारत के प्रधानमंत्री' संग्रहालय परियोजना हेतु 3 पैनल गठित किये

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने 05 जून 2018 को तीन उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया ताकि राजधानी दिल्ली में 'भारत के प्रधानमंत्री' नामक संग्रहालय की स्थापना की जा सके। संस्कृति मंत्रालय द्वारा तीन मूर्ति एस्टेट (भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु का अधिकारिक आवास) में आधुनिक तकनीक से भारत के प्रधानमंत्रियों पर यह संग्रहालय बनाया जायेगा। इस संग्रहालय में देश के अब तक के प्रधानमंत्रियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रसिद्ध तीन मूर्ति स्थल सरकारी स्मारक है।

### महाराष्ट्र ने टूर किसानों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की

महाराष्ट्र सरकार 31 मई की समयसीमा से पहले उन किसानों को 1000 रुपये प्रति क्विंटल का वित्तीय अनुदान प्रदान करेगी जिनके टूर और ग्राम प्रशासन द्वारा खरीदे जा सकते हैं। राज्य सरकार ने 44.6 लाख क्विंटल के टूर खरीद लक्ष्य की स्थापना की थी। सरकार ने बम्पर टर उत्पादन के बाद गारंटीकृत दरों की पेशकश करके किसानों से टूर खरीदना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि सरकार उन किसानों को 160 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भी देगी, जिनकी फसलों को अनियमित बारिश या गड़गड़ाहट के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने दूध उत्पादकों के लिए विशेष सब्सिडी की भी घोषणा की।

### 31 जुलाई से उत्तराखंड में पॉलीथीन पर प्रतिबंध



उत्तराखंड में 31 जुलाई से राज्य में पॉलिथिन को पूरी तरह निषिद्ध कर दिया जाएगा। सभी पॉलीथीन विक्रेताओं से 31 जुलाई से पहले पॉलिथिन के स्टॉक को खत्म करने के लिए कहा गया है। प्रतिबंध से एक सप्ताह पहले, पॉलीथीन के कारण पर्यावरणीय क्षति के बारे में जन जागरूकता अभियान पूरे राज्य में चलाया जाएगा।

### बीमा का दावा करने के लिए परमिट जरूरी: SC

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बीमा कंपनियां बिना परमिट वाले सार्वजनिक परिवहन वाहनों के लिए दुर्घटना के दावों की भरपाई करने के लिए उत्तरदायी नहीं है। 'परमिट' परिवहन वाहनों के रूप में मोटर वाहनों का उपयोग करने के लिए राज्य प्राधिकरणों द्वारा दिए गए प्राधिकरण हैं। यह फैसला फरवरी 2013 में पठानकोट में हुए एक दुर्घटना जिसमें एक ट्रक ने एक दोपहिया सवार को गंभीर रूप से मारा था, के बाद लिया गया।

IBT Institute Pvt. Ltd

## पंजाब सरकार ने 'बिज़नेस फर्स्ट पोर्टल' लॉन्च किया




पंजाब सरकार द्वारा राज्य में व्यवसाय को सरल बनाने हेतु 'बिज़नेस फर्स्ट पोर्टल' लॉन्च किया गया। इस पोर्टल का उद्योग मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा ने अनावरण किया। यह ऑनलाइन पोर्टल उद्योगपतियों को विनियामक निकासी और वित्तीय स्वीकृति के लिए सुविधाजनक बनाते हुए एक ही मंच पर सभी सुविधाएं प्रदान करेगा। राज्य सरकार ने उद्यमियों को नई औद्योगिक नीति के तहत उदार प्रोत्साहन प्रदान कर आर्थिक विकास में तेजी लाने का फैसला किया है जिसके तहत यह पोर्टल लॉन्च किया गया।

## हिमाचल प्रदेश सरकार ने यूजी पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर सिस्टम को ख़त्म किया

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पूर्वस्नातक (UG) पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर सिस्टम को दूर करने और वार्षिक परीक्षा प्रणाली वापस अपनाने का फैसला किया है। एचपी सरकार ने रुसा (राष्ट्रीय उंचातर शिक्षा अभियान) की समीक्षा करने के लिए पूर्व वाईस चांसलर ने एक समीक्षा समिति की स्थापना की थी और उन्होंने वार्षिक परीक्षा प्रणाली में वापस लौटने की सिफारिश की। 2013 में राज्य में रुसा को पेश किया गया था।

IBT
Institute Pvt. Ltd

## केंद्र सरकार का फैसला, बिना UPSC पास किये बन सकेंगे नौकरशाह

मौजूदा केंद्र सरकार ने 10 जून 2018 को नौकरशाही में प्रवेश पाने का अब तक का सबसे बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब बड़े अधिकारी बनने के लिए यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा पास करना जरूरी नहीं होगा। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले सीनियर अधिकारी भी सरकार का हिस्सा बन सकते हैं। बहुप्रतीक्षित लैटरल एंट्री की औपचारिक अधिसूचना सरकार की ओर से जारी कर दी गई है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के लिए विस्तार से गाइडलाइंस के साथ अधिसूचना जारी की गई। सरकार अब इसके लिए सर्विस रूल में जरूरी बदलाव भी करेगी।

## स्वच्छ भारत मिशन- केंद्र सरकार ने 10 नए स्वच्छ दर्शनीय स्थलों की घोषणा की

केन्द्रीय पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के सचिव परमेश्वरन अय्यर ने 12 जून 2018 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'स्वच्छ आइकॉनिक प्लेस' (एसआईपी) का तीसरा चरण शुरू किया। मंत्रालय ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तीसरे चरण के तहत दस स्वच्छ दर्शनीय स्थानों को जोड़ा है।

## रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की शिकायतों के निवारण हेतु 'रेल मदद'एप्प लॉन्च किया गया

भारतीय रेलवे ने पहली बार शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाने की पहल की है। केंद्रीय रेल और कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने के लिये 11 जून 2018 को 'रेल मदद' नाम से एक एप्प जारी किया है। रेल मदद (यात्रा के दौरान वांछित सहायता के लिये मोबाइल एप्लीकेशन) नामक मोबाइल एप्लीकेशन का विकास उत्तर रेलवे द्वारा किया गया है। यह एप्प यात्रियों की शिकायतों को दर्ज करेगा और उनकी शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें लगातार जानकारी मुहैया करायेगा। यात्री को पंजीकरण के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध करायी जायेगी जिसके बाद रेलवे द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी एसएमएस द्वारा दी जाती रहेगी।

## वी के सिंह ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को ध्वजांकित किया

विदेश मामलों के राज्य मंत्री वी के सिंह ने नई दिल्ली में तीन महीने लम्बी चलने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा -2018 के पहले बैच को ध्वजांकित किया है। यह यात्रा 8 सितंबर 2018 तक जारी रहेगी। यात्रा के लिए दो मार्ग हैं, एक उत्तराखंड में लिपुलेख पास के माध्यम से, जिसमें कुछ ट्रेकिंग भी शामिल है। दूसरा मार्ग सिक्किम में नाथू ला पास के माध्यम से है, जो मोटर वाहन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयुक्त है जो कठिन ट्रेकिंग करने में असमर्थ हैं।

## सरकार ने आम सेवा केंद्रों के माध्यम से गांवों में 5000 वाईफाई चौपाल और रेल टिकटों की डिलीवरी का शुभारंभ किया

सरकार ने आम सेवा केंद्रों के माध्यम से गांवों में 5000 वाईफाई चौपाल और रेल टिकटों की डिलीवरी का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा किया गया था। इस कदम का उद्देश्य BharatNet के माध्यम से ग्रामीण इंटरनेट कनेक्टिविटी को बदलना है। वाईफाई चौपाल ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपनी विभिन्न डिजिटल प्रक्रियाओं के लिए एक प्रभावी इंटरनेट पहुंच के साथ सक्षम करेगा।

## सोलर चरखा मिशन 50 क्लस्टरों में शुरू किया जाएगा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के सोलर (सौर) चरखा मिशन की शुरूआत राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद 27 जून 2018 को नई दिल्ली में करेंगे। इस मिशन के अंतर्गत 50 क्लस्टर शामिल होंगे एवं प्रत्येक कलस्टर में 400 से 2000 शिल्पकारों (कारीगरों) को काम करने का अवसर मिलेगा। इस मिशन को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसके अंतर्गत कारीगरों के बीच 550 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की जाएगी। इस बात की सूचना एमएसएमई मंत्री ने नई दिल्ली में अपने मंत्रालय की 4 वर्ष की उपलब्धियों पर एक पुस्तिका जारी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में दिया।

## मई-2018

### राष्ट्रीय गोबर-धन योजना आरंभ




केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास हेतु गोबर-धन योजना की शुरुआत की है। केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री उमा भारती और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने करनाल के राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान से 01 मई 2018 को इस योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत करनाल के गांव कुंजपुरा में पहला संयत्र लगाया जायेगा। इस संयंत्र की स्थापना से गोबर और खेतों के ठोस अपशिष्ट पदार्थों को कम्पोस्ट, बायो-गैस और बायो-सीएनजी में परिवर्तित किया जाएगा। इससे किसानों खासकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### शिरुई लिली उत्सव का समापन मणिपुर में हुआ

मणिपुर की शिरुई लिली फेस्टिवल 2018 उख्रुल जिले में संपन्न हुआ। यह उत्सव कई स्थानों पर मनाया गया। इस उत्सव को पर्यटन विभाग, मणिपुर द्वारा लुप्तप्राय शिरुई लिली के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने और मणिपुर में एक पर्यटक गंतव्य के रूप में उख्रुल जिले का प्रचार करने के लिए प्रायोजित किया गया था। उत्सव NEC द्वारा समर्थित था और इसका उद्देश्य राज्य में वनीकरण और टिकाऊ पर्यटन प्रयासों को बढ़ावा देना है।

### डालमिया ने भारत विरासत स्थलों को बनाए रखने के लिए समझौता ज्ञान पर हस्ताक्षर किये

डालमिया भारत लिमिटेड ने पर्यटन मंत्रालय के साथ 'एडोप्ट ए हेरिटेज' परियोजना के तहत लाल किला (दिल्ली में) और गांधीकोटा किला (आंध्र प्रदेश) लेने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पहल का हिस्सा बनने वाले पहले कॉर्पोरेट बनने के बाद, डालमिया भारत अगले पांच सालों तक इन विरासत स्थलों के संचालन और रखरखाव की देखभाल करेगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में किशनगंगा पनबिजली परियोजना का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 मई 2018 को कश्मीर घाटी के बांदीपोरा जिले में 330 मेगावॉट किशनगंगा जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। इस परियोजना की प्रगति की प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा निगरानी की गई थी। उन्होंने डल झील पर स्थित शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशनल सेंटर से इसका उद्घाटन किया।

### प्रवासी भारतीय दिवस वाराणसी में आयोजित किया जाएगा

15वां प्रवासी भारतीय दिवस जनवरी 2019 में पवित्र शहर वाराणसी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय प्रवासियों के पास कुंभ स्नान में भाग लेने और नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का विकल्प होगा। इस वर्ष के समारोह का उद्घाटन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशियन समकक्ष प्रवीण जुग्नुथ ने किया था। उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से विदेश मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित, इस प्रवासी भारतीय दिवस का विषय "Role of Indian Diaspora in building a New India" है।

### मणिपुर में लॉन्च किया गया मिशन 'गो टू विलेज'

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने मणिपुर राज्य में 'गो टू विलेज' मिशन की शुरुआत की है। मिशन को सभी 60 विधानसभा क्षेत्रों के 60 गांवों में 2 मई को लॉन्च किया गया था। मिशन का लक्ष्य राज्य के हर कोने में योग्य और योग्य लाभार्थियों की पहचान करना और उनके दरवाजे पर सरकारी सेवाएं प्रदान करना है।

### ईपीएफओ ने उमंग ऐप के जरिए पेंशनभोगियों के लिए 'व्यू पेंशन पासबुक' सेवा शुरू की

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने उमंग ऐप के जरिए पेंशनभोगियों के लिए 'व्यू पेंशन पासबुक'सेवा शुरू की। अंशधारक उमंग ऐप पर अपनी पासबुक डिटेल्स को देख सकेंगे, जिससे उन्हें बैलेंस पता चल जाएगा। 'व्यू पासबुक'विकल्प को क्लिक करने पर संबंधित पेंशनभोगी को पीपीओ नंबर और अपने जन्मदिन को दर्ज करना पड़ता है। इन जानकारियों का सफल सत्यापन हो जाने के बाद संबंधित पेंशनभोगी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा।

### भारत में सिंधु डॉल्फिन की पहली संगठित जनगणना आरंभ की गई

पंजाब सरकार ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के साथ मिलकर सिंधु नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन (Indus Dolphin) की जनगणना आरंभ की। यह विश्व की विलुप्प्राय स्तनधारी प्रजाति है। इसका उद्देश्य इस प्रजाति का संरक्षण करना है। सिंधु नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन केवल भारत और पाकिस्तान के मध्य 185 किलोमीटर के क्षेत्र में पाई जाती है। यह डॉल्फिन तलवाडा तथा हरिके पत्तन के बीच भारत की ब्यास नदी में पाई जाती हैं।

### मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उच्च शिक्षा फैकल्टी के लिए ऑनलाइन पेशेवर विकास कार्यक्रम शुरू किया

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एमओओसी प्लेटफॉर्म 'स्वयं' का उपयोग करते हुए 1.5 मिलियन उच्च शिक्षा फैकल्टी के ऑनलाइन पेशेवर विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया है। पहले चरण में 75 अध्ययन-विषय विशेष राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र चिन्हित किये गये है।

IBT Institute Pvt. Ltd

## 'वाइब्रेंट नॉर्थ ईस्ट 2018' गुवाहाटी में आयोजित




'वाइब्रेंट नॉर्थ ईस्ट 2018', एक कार्यक्रम जिसमें लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से अवगत कराया जाएगा, यह गुवाहाटी, असम में आयोजित किया गया. कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, उपभोक्ता मामलों, नागरिक आपूर्ति, पेयजल और स्वच्छता क्षेत्रों के अधिकारी तीन दिवसीय आयोजन में भाग लिया है। यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित एनजीओ, सेंटर फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (CARD) द्वारा आयोजित किया गया है। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं, अनुदान और परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें आधिकारिक तौर पर लागू किया गया है।

## पंजाब में शुरू हुई पहली डॉल्फिन गणना

WWF – इंडिया के साथ पंजाब सरकार सिंधु डॉल्फ़िन – दुनिया के सबसे दुर्लभ स्तनधारियों में से एक की पहली संगठित गणना का आयोजन कर रही है। केवल भारत और पाकिस्तान में पाए जाने वाले सिंधु डॉल्फ़िन पंजाब में भारत की ब्यास नदी में तलवार और हरिके बैराज के बीच केवल 185 किलोमीटर की दूरी तक ही सीमित है। सिंधु नदी की डॉल्फ़िन पाकिस्तान का राष्ट्रीय स्तनपायी है।

## भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष पर होगा

भारत आगामी दशक में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शीर्ष पर होगा। इस दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि दर सालाना 7.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत की यह वृद्धि दर चीन और अमेरिका से अधिक रहेगी। चीन की वृद्धि दर वर्ष 2026 में 4.9 और फ्रांस की वृद्धि दर 3.5 तथा अमेरिका की 3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।

## ब्रह्मपुत्र पर भारत का सबसे लंबा रेल पुल

डिब्रूगढ़ से देहमजी को जोड़ने वाला ब्रह्मपुत्र पर भारत का सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल, 'बोगिबेल पुल' के अक्टूबर 2018 तक जनता के लिए खुलने की उम्मीद है। पुल चीन सीमा के साथ रक्षा रसद को बढ़ावा देगा और रेल यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए यात्रा के समय को कम करेगा। पुल डिब्रूगढ़ से अरुणाचल प्रदेश में इटानगर तक की पहुंच को आसान बनाएगा।

## मंगलुरु हवाई अड्डा भारत का सबसे स्वच्छ हवाई अड्डा घोषित

मैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश में सबसे स्वच्छ हवाई अड्डे का दर्जा दिया गया। हवाईअड्डे के निदेशक वी.वी. राव को नई दिल्ली में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के 23 वें वार्षिक समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एएआई द्वारा देश में 53 हवाईअड्डों में किए गए सर्वेक्षण में, मंगलुरु हवाई अड्डे को सबसे स्वच्छ रूप में चुना गया ।

## केंद्र ने 'चुनावी बांड' की योजना का खुलासा किया

केंद्र ने 'चुनावी बांड' योजना की रूपरेखा का खुलासा किया, जिसमें दानकर्ताओं के नामों का खुलासा किए बिना, राजनीतिक दलों के साफ धन के प्रवाह को सुनिश्चित करेगी। वित्त मंत्री अरुण जेटली के अनुसार, चुनावी बांड एक वचन पत्र और एक ब्याज-मुक्त बैंकिंग साधन की प्रकृति का होगा। भारत का नागरिक या भारत में निहित एक निकाय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की निर्दिष्ट शाखाओं से बांड खरीदने के लिए पात्र होंगा। एक हजार, दस हजार, एक लाख और एक करोड़ रुपये के गुणकों में किसी भी मूल्य के लिए बांड खरीदा जा सकता है।

## प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना नयी दिल्ली में आयोजित

केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली में प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) की योजना शुरू की और लाभार्थियों को नए एलपीजी कनेक्शन और सिलेंडरों का वितरण किया है। इस समारोह के दौरान, लगभग 400 एलपीजी कनेक्शन गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी के परिवारों को दिए गए थे। इस योजना के तहत लक्ष्य मौजूदा 5 करोड़ कनेक्शन से 2020 तक 8 करोड़ कनेक्शन तक बढ़ाना है।

## 'ग्लोबल सिटी मोमेंटम इंडेक्स' में हैदराबाद शीर्ष पर



हैदराबाद को JLL के वार्षिक "ग्लोबल सिटी मोमेंटम इंडेक्स" की अल्पकालिक मोमेंटम रैंकिंग में शीर्ष स्थान दिया गया है। यह रिपोर्ट शहरी अर्थव्यवस्थाओं और अचल संपत्ति बाजारों की पहचान करती है जो वर्तमान में सबसे तेज़ी से वृद्धि कर रहे हैं। रिपोर्ट में बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता और दिल्ली को शीर्ष 10 शहरों में रखा गया है।

IBT Institute Pvt. Ltd

# अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़

## जुलाई-2018

### नेपाल-भारत की अंतिम EPG बैठक का समापन



नेपाल-भारत संबंधों पर प्रतिष्ठित व्यक्ति समूह (ईपीजी) की नौवीं और अंतिम बैठक काठमांडू, नेपाल में संपन्न। नेपाल और भारत के प्रतिनिधियों ने दो दिवसीय बैठक के दौरान 1950 के शांति और मैत्री संधि, व्यापार, पारगमन और सीमा सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। EPG भारत और नेपाल के विशेषज्ञों और बुद्धिजीवियों से मिलकर बना एक संयुक्त तंत्र है। यह दोनों देशों के बीच मौजूदा द्विपक्षीय संधि और समझौते को अद्यतन करने के लिए सुझाव देने के लिए फरवरी 2016 में स्थापित किया गया था।

### दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल कारखाना

सैमसंग ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में सेक्टर 81 में दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल कारखाना स्थापित किया है। न केवल मोबाइल, मौजूदा सुविधा का विस्तार उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे रेफ्रिजरेटर के साथ सैमसंग की उत्पादन क्षमता को दोगुना कर देगा। सैमसंग वर्तमान में भारत में 67 मिलियन स्मार्टफोन बना रहा है और नए संयंत्र के कार्यात्मक होने के साथ, इसके लगभग 120 मिलियन फोन बनाने की उम्मीद है।

### चीन ने भारत से आयात होने वाली दवाइयों पर टैक्स घटाया

भारत और चीन भारतीय दवाओं खासतौर पर कैंसर की दवाओं पर चीन में आयात पर लगने वाले सीमा-शुल्क (टैरिफ) में कटौती पर सहमत हुए हैं। यह भारत के लिए बड़ी कामयाबी है, क्योंकि वह लंबे समय से चीन से औषधि और आईटी सेक्टर के दरवाजे उसके लिए खोलने की मांग करता रहा है। व्यापार युद्ध के बाद से चीन अब तक 8500 भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क में कमी कर चुका है। चीन के अमेरिका से व्यापार युद्ध तेज होने के साथ भारत और अन्य देशों के उत्पादों पर आयात शुल्क में और कटौती करेगी।

### खोजा गया दुनिया का सबसे पुराना रंग

वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे पुराने रंग की खोज की है। 1.1 अरब वर्षीय उज्ज्वल गुलाबी रंगद्रव्य, अफ्रीका में सहारा रेगिस्तान के नीचे गहरी चट्टानों से निकाले रंग को अंत में खोज लिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (ANU) की टीम ने भूवैज्ञानिक रिकॉर्ड में सबसे पुराने रंगों की खोज की।

### ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की सूची में भारत 57वें स्थान पर

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) की सूची में भारत 57वें नंबर पर है, पिछले साल भारत 60वें नंबर पर था। भारत की स्थिति में लगातार सुधार आ रहा है। वर्ष 2015 में यह 81वें स्थान पर था। चीन विश्व के शीर्ष 20 सर्वाधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। यह सालाना रैंकिंग कॉर्नेल विश्वविद्यालय, आईएनएसईएडी और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा 10 जुलाई 2018 को प्रकाशित की गई।

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने डिजिटल सहयोग पर उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो ग्युटेरेस ने डिजिटल सहयोग पर एक उच्च स्तरीय पैनल गठित किया है। मेलिंडा गेट्स, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष और अलीबाबा समूह के कार्यकारी अध्यक्ष जैक मा इस पैनल के सह-अध्यक्ष होगे। पैनल में कुल 20 सदस्य हैं, जो सरकारी, निजी उद्योग, नागरिक समाज, शिक्षा और तकनीकी समुदाय से विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करते हैं। पैनल सितंबर 2018 में अपनी पहली व्यक्तिगत बैठक आयोजित करेगा।

### डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन के बीच ऐतिहासिक शिखर बैठक आयोजित



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच 16 जुलाई 2018 को फ़िनलैंड की राजधानी हेलसिंकी में ऐतिहासिक शिखर वार्ता आयोजित की गयी। इस शिखर वार्ता में ट्रंप ने रूस के साथ 'असाधारण संबंधों' का वादा किया, वहीं पुतिन ने कहा कि दुनिया भर में विवादों का हल समय की जरूरत है। पुतिन के साथ ट्रंप ने दो घंटे से अधिक बातचीत की। बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में दोनों नेताओं ने पुरानी कड़वाहट भुलाकर नए सिरे से रिश्ते बनाने की बात कही। दोनों ने दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच जारी तनाव कम होने की उम्मीद भी जताई।

IBT Institute Pvt. Ltd

## चीन ने अरुणाचल-तिब्बत बॉर्डर के नज़दीक मानवरहित मौसम अवलोकन केंद्र स्थापित किया



चीन ने अरुणाचल प्रदेश सीमा के निकट तिब्बत में मानवरहित स्वचालित मौसम अवलोकन केंद्र की स्थापना की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार चीन ने क्षेत्रीय संघर्ष की स्थिति में देश की सेना, विमानों और मिसाइलों के संचालन में मौसम संबंधी मदद के लिए इस स्टेशन की स्थापना की है। तिब्बत के शाननान परिक्षेत्र के अंतर्गत ल्हुंजे के युमई में इस केंद्र की स्थापना की गई है। क्षेत्रीय मौसम युद्ध के दौरान एयरक्राफ्ट्स की लैंडिंग और टेक-ऑफ और मिसाइल के लॉन्च के लिए काफी अहम माना जाता है। ऐसे में छोटे मौसम केंद्र काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

IBT Institute Pvt. Ltd

## भारत विश्व सीमा शुल्क संगठन के एशिया प्रशांत क्षेत्र का उपाध्यक्ष बना

भारत जुलाई, 2018 से जून, 2020 तक दो वर्ष की अवधि के लिए विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ) के एशिया प्रशांत क्षेत्र का उपाध्यक्ष बन गया है। डब्ल्यूसीओ ने अपनी सदस्यता को छह क्षेत्रों में विभाजित कर दिया है। छह क्षेत्र में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व डब्ल्यूसीओ परिषद में क्षेत्रीय रूप से निर्वाचित उपाध्यक्ष द्वारा किया जाता है। डब्ल्यूसीओ दुनिया भर में 182 सीमा शुल्क प्रशासकों का प्रतिनिधित्व करता है जो सामूहिक रूप से विश्व व्यापार के लगभग 98 प्रतिशत को प्रोसेस करते हैं।

## यूरोपीय संघ ने गूगल पर 5 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया

यूरोपीय संघ ने 18 जुलाई 2018 को यह घोषणा की कि गूगल द्वारा अपने वर्चस्व का गलत फायदा उठाया गया जिसके कारण गूगल पर 5 बिलियन डॉलर का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम एंड्रायड के साथ मिलकर दूसरी कंपनियों को हाशिये पर धकेलने के आरोप में गूगल पर रिकॉर्ड 5 बिलियन डॉलर (लगभग 373 अरब रुपये) का जुर्माना लगाने की घोषणा की गई।

## कैबिनेट ने RAPC पर ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय विमानन साझेदारी नियम (RAPC) पर ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य यह है कि BRICS देशों को नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए संस्थागत ढांचे की स्थापना से लाभ देना है। यह समझौता ज्ञापन भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच नागरिक उड्डयन संबंधों में एक महत्वपूर्ण स्थलचिह्न का प्रतीक है और ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच अधिक व्यापार, निवेश, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने की क्षमता रखता है।

## म्यांमार अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हुआ

म्यांमार 19 जुलाई 2018 को भारत द्वारा आरंभ की गई पहल अंतरराष्ट्रीय सौर संगठन (आईएसए) में 68वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ जिसने फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किये हैं। म्यांमार ने इस संगठन में शामिल होकर सौर उर्जा के अधिक से अधिक उपयोग करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। दिल्ली डायलॉग के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान म्यांमार के विदेश मंत्री क्याव तिन ने भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को आईएसए फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करके अपनी सहमति व्यक्त की।

## तुर्की में दो साल बाद आपातकाल की समाप्ति



तुर्की में 18 जुलाई 2018 को राष्ट्रव्यापी आपात स्थिति को समाप्त कर दिया गया है। दो वर्ष पहले तख्ता पलट की नाकाम कोशिश के बाद आपात स्थिति लगाई गई थी। आपातकाल स्थिति के दौरान हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था या नौकरी से हटा दिया गया था। सरकार ने तीन-तीन महीने आपात काल को सात बार बढ़ाने के बाद अब इसे और आगे न बढ़ाने का फैसला किया गया है। यह फैसला राष्ट्रव्यापी रिसेप तैयिप एर्दोगन के चुनाव जीतने के दो सप्ताह बाद किया गया है। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी उम्मीदवारों ने कहा था कि अगर वे चुनाव जीत जाते हैं, तो उनका सबसे पहला काम आपात स्थिति को समाप्त करना होगा।

## जून-2018

### सऊदी अरब ने महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना शुरू किया



